Regarding need to set up Damodar Valley Corporation headquarters in Jharkhand- laid

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी **(**गिरिडीह**) :** दामोदर घाटी निगम की अधिकांश परिचालन एवं उत्पादन गतिविधियाँ झारखंड राज्य में केंद्रित हैं । निगम के प्रमुख ताप विद्युत संयंत्र जैसे बोकारो थर्मल पावर स्टेशन, चंद्रपुरा थर्मल पावर स्टेशन,कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन तथा अन्य इकाइयाँ झारखंड में स्थित हैं । इसके साथ ही मैथन एवं पंचेत जैसे महत्वपूर्ण बांध और जलाशय भी इस क्षेत्र में अवस्थित हैं । बड़ी संख्या में कोयला संसाधन,भूमि अधिग्रहण क्षेत्र तथा हजारों परियोजना-प्रभावित परिवार झारखंड में ही हैं । DVC का लगभग 75% प्रतिशत कमांड एरिया झारखंड में है, जिससे स्पष्ट है कि निगम का प्रमुख संचालन, प्रभाव एवं लाभ क्षेत्र झारखंड ही है । इसके बावजूद निगम का मुख्यालय झारखंड के बाहर स्थित है, जो व्यावहारिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है । मुख्यालय राज्य के बाहर होने के कारण स्थानीय प्रशासन, राज्य सरकार एवं परियोजना क्षेत्रों के साथ समन्वय में विलंब, निर्णय लेने में कठिनाई तथा जनसमस्याओं के समाधान में देरी होती है । यदि मुख्यालय झारखंड में स्थापित किया जाता है तो इससे परियोजनाओं की निगरानी एवं क्रियान्वयन में तेजी आएगी, परियोजना-प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा, प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी । मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूँ कि दामोदर घाटी निगम का मुख्यालय झारखंड में स्थापित करने हेतु आवश्यक कदम शीघ्र उठाए जाएँ ।

____